: बच्चों ने चर्च तक किया मार्च - p 5
अभि और ऐश की रोमांटिक नाइट - p 8

नवभारत टाइम्स
BT Faridabad
वार 23 अप्रैल 2011 ।

एसएमएस भेजकर करेंगे पर्यावरण के लिए सचेत

एनबीटी न्यूज ।। फरीदाबाद

अर्थ डे के अवसर पर कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन ने सभी सेक्टरों की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को मेसेज कर सेक्टर के लोगों को अर्थ डे पर पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

कन्फेडरेशन में सेक्रेटरी जनरल अमृत गुलाटी ने बताया कि अर्थ डे मनाने की शुरुआत 1970 में अमेरिका में हुई। उसके बाद दुनिया के बहुत से देश इसे मनाने लगे। भारत में भी काफी समय से अर्थ डे मनाया जा रहा है। इसलिए फरीदाबाद कन्फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन भी इसे मनाते हुए लोगों को जागरूक करना चाहती है। इसलिए हमने अर्थ डे के अवसर पर शहर की तमाम आरडब्ल्यूए, प्रशासन और लोगों को एसएमएस भेज कर जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया हमनें लगभग 500 एसएमएस भेजे हैं। गुलाटी के अनुसार शहर में भी भी पलूशन बहुत अधिक है और काफी जगहों पर पानी की बर्बादी होती है। साथ ही लोग खुले में कूड़ा जलाते हैं, पेड़ों को काटते हैं और काफी पलूशन भी फैलाते हैं जिससे हमारा पर्यावरण काफी खराब हो रहा है। इसलिए हमने अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया और लोगों को एसएमएस कर पर्यावरण को साफ सुथरा रखने की सलाह दी।

सेमिनार आयोजित

नस ।। फरीदाबाद : धौज स्थित अल्फलाह स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी में शुक्रवार को अर्थ डे के मौके पर क्लाइमेट चेंज विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रफेसर मुहम्मद इब्राहिम मुख्यातिथि के रुप में मौजूद रहे। साथ ही बरेली यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर जेड. एच. जेदी, अल्फलाह कॉलेज चेयरमैन जे. ए. सिद्दकी, विशिष्ट अतिथि डीएसआईआईडीसी डायरेक्टर रंजीत सिंह, प्रफेसर टी. ए. खान, प्रफेसर अरशद हुसैन, प्रफेसर मुज फरुल हसन, बीएड कॉलेज प्रिंसिपल चौ. देवी सिंह व प्रोफेसर सिराजुददीन आदि मौजूद थे।

Shiv

रैली निकाली

एक संवाददाता ।। फरीदाबाद : अर्थ डे के मौके पर एनएच-2 स्थित नेवल एनसीसी कमान मुख्यालय ने शहर में रैली निकाली। रैली से पहले नेवल कमान अधिकारी कमान्डर विजय किशोर एनसीसी अधिकारी लैफिटनेंट दिनेश चंद पीओ मदन सिंह ने मुख्यालय पर पौधारोपण किया। रैली का संयोजन प्रो दिनेश चंद कुमैड़ी व साआई उमेश चंद ने किया।